**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

- **भारतीय सेना को आज 481 नए युवा अधिकारी मिले ।**
- **मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार द्वारा चलाए गए 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान को असफल बताया ।**
- **हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्□ा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में देश और प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ ।**
- **पलवल और अंबाला में आज 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया ।**
- **कुरुक्षेत्र न्यायालय ने भ्रूण लिंग जांच मामले में डॉ सहित 4 लोगों को जेल भेजा ।**

=================================

भारतीय सेना को आज 481 नए युवा अधिकारी मिले हैं। पहली बार नौ महिला कैडेट को भी इसमें शामिल किया गया है। यह महिला नेतृत्व वाले विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है ।उत्तराखंड स्थित भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में आज 158वीं पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान युवा कैडेट्स ने अनुशासन, परिश्रम और सैन्य गौरव का अनुकरणीय प्रदर्शन किया।

==================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि राज्य में उनकी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

मुख्यमंत्री आज पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ के साथ पंजाब के अबोहर में आयोजित एक विशाल 'ओबीसी महासम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अबोहर नगर निगम चुनावों में भाजपा की शानदार जीत प्रदेश में आगामी बदलाव की शुरुआत है। अगले विधानसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी , उसके बाद नशा बेचने वाला एक भी व्यक्ति नहीं मिलेगा। उन्होंने पंजाब की वर्तमान सरकार द्वारा चलाए गए 'युद्ध-नशों के विरुद्ध' अभियान को पूरी तरह फेल बताया और कहा कि आदमी पार्टी की सरकार सिर्फ खोखले नारों और विज्ञापनों में व्यस्त है।

उन्होंने पंजाब सरकार को हर मोर्चे पर नाकाम बताते हुए कहा कि पिछले दिनों खरड़ में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के दौरान नोटों की वर्षा से साबित हो गया कि आप आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में पंजाब की वीर और देशभक्त भूमि को नमन करते हुए यहां के किसानों, व्यापारियों, युवाओं और माताओं के योगदान की सराहना की। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा -

=========================================

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में देश और प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। आज जींद में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. मिड्ढा ने कहा कि इन 12 वर्षों में न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया, बल्कि अनेक जन-कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया गया है।

विधानसभा उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब किसी प्रधानमंत्री ने स्वयं हाथ में झाड़ू थाम कर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की।

डॉ. मिड्ढा ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान समाज के लिए वरदान साबित हुआ है। महिला सशक्तिकरण की मिसाल देते हुए उन्होंने सीमाओं पर बेटियों के पराक्रम और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे साहसी अभियानों की सराहना की, जहां भारतीय वीरांगनाओं ने उग्रवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने में अहम भूमिका निभाई। कश्मीर घाटी में पत्थरबाजी के खात्मे का जिक्र करते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि आज देश की आंतरिक सुरक्षा इतनी मजबूत है कि देश विरोधी तत्वों की सिर उठाने की हिम्मत नहीं होती। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदमों और ऑपरेशन महादेव के जरिए पहलगाम के गुनहगारों को सजा दिलाने का भी उल्लेख किया।

डॉ. मिड्ढा ने कहा कि श्री मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण से देश की कई पीढ़ियों का सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि योग दिवस का वैश्विक स्तर पर मनाया जाना सांस्कृतिक विजय का प्रतीक है। इस दौरान श्री मिड्ढा ने विकास के आंकड़ों को भी मीडिया के सामने रखा।

=====================================

हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

इस दौरान उनके साथ प्रशासनिक एवं वन अधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई। उन्होंने

कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया यह केवल एक नारा नहीं है बल्कि देश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने का एक संकल्प है।

================================================

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को राष्ट्र सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित गौरवपूर्ण सेवाकाल बताया। वे आज सुबह अंबाला शहर के हर्बल पार्क में पौधारोपण कर सबको पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के मौके पर बोल रहे थे।

श्री असीम गोयल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल कर उसे एक विशाल वृक्ष के रूप में विकसित करना भी हम सभी का कर्तव्य है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए श्री गोयल ने कहा कि माँ और प्रकृति दोनों ही निस्वार्थ भाव से हमें जीवन, सुरक्षा और पोषण प्रदान करती हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उनके संरक्षण का संकल्प लें।

=============================================

कुरुक्षेत्र न्यायालय ने भ्रूण लिंग जांच करवाने गए दंपति आरोपी डॉक्टर और दलाल को सजा सुनाई है। कुरुक्षेत्र के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश सभरवाल ने बताया कि कुरुक्षेत्र स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 2017 में बिजनौर में छापेमारी के दौरान 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 2017 से इस मामले की सुनवाई चल रही थी जिसमें अदालत द्वारा तथ्यों के आधार पर चार लोगों को सजा सुनाई गई, जिसमें भ्रूण लिंग जांच करने वाले आरोपी डॉक्टर खुराना और एक दलाल संदीप को तीन साल की कैद और 5 - 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई जबकि जो दंपत्ति भ्रूण लिंग जांच करवाने के लिए गए थे उनको एक-एक साल की कैद और 1000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई ।

=================================================

कैथल में आज तडक़े लूट की दो घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो रहे चार बदमाशों में से तीन को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस और बदमाशों के बीच दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ में तीन आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। अपराध शाखा के उप पुलिस अधीक्षक सुशील प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जींद जिले के गांव खांडा निवासी अंकित, गोलू और निरंजन के रूप में हुई है। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है ।

==========================================